34

कोष-प्रवाह विवरण - II

34.1 भूमिका

पिछले पाठ में आपने पढ़ा कि कार्यशील पूंजी में परिवर्तनों की गणना चालू सम्पत्तियों तथा चालू देयताओं की तालिका की सहायता से की जाती है तथा इस तालिका को कार्यशील पूंजी में परिवर्तनों की तालिका कहा जाता है। इस पाठ में कोष प्रवाह विवरण के बनाने के विषय में ध्यान केन्द्रित किया जाएगा।

34.2 उद्देश्य

इस पाठ के पढ़ने के पश्चात्, आप

- कोष प्रवाह विवरण का अर्थ स्पष्ट कर पायेगें,
- कोष प्रवाह विवरण तैयार करने का उद्देश्य पहचान पायेगें,
- कार्यशील पूंजी के स्रोत्रों तथा उपयोगों की सूची बना पायेगें,
- 'टी' रूप में कोष प्रवाह विवरण का प्रारूप बना पायेगें,
- कोष प्रवाह विवरण तैयार कर पायेगे,
- कोष प्रवाह विवरण की सीमाएं बता पायेगें,।

34.3 कोष प्रवाह विवरण - अर्थ उद्देश्य तथा इसका प्रारूप

अर्थ

आप जानते है कि कोषों का अर्थ कार्यशील पूंजी तथा प्रवाह का अर्थ चाल (Movement) है।

इसीलिए कोषों के प्रवाह का अर्थ किसी समय में कार्यशील पूंजी की चाल से है। दूसरे शब्दों में, कार्यशील पूंजी मे वृद्धि अथवा कमी कोषों के प्रवाह की ओर संकेत करता है। जब कोई लेनदेन कार्यशील पूंजी में वृद्धि करता है, तो इसे कोषों का 'स्रोत्र' तथा जब यह कार्यशील पूंजी में कमी लाता है तो इसे 'उपयोग' कहा जाता है। जब कोई व्यापारिक लेनदेन कार्यशील पूंजी को प्रभावित नहीं करता है, तो कोषों का प्रवाह नहीं होता। आइये अल्फा लिमिटेड की स्थिति विवरण की सहायता से देखें कि कैसे व्यवासयिक लेनदेन कार्यशील पूंजी को प्रभावित करते है:

Balance Sheet of Alpha Ltd.. as at .....

Liabilities	Amount Rs.	Assets	Amount Rs.
Share Capital	10,00,000	Fixed Assets	12,00,000
Term Loans	5,00,000	Investments	2,00,000
Profit & Loss A/c	1,00,000	Current Assets	6,00,000
Current Liabilities	4,00,000		
	20,00,000		20,00,000

उपरोक्त स्थिति विवरण को बनाने के पश्चात् निम्न लेनदेन हुए:

i) Alpha Ltd, issued shares for cash Rs.5,00,000/-.

ii) The Company purchased Fixed Assets for Rs.3,00,000/-.

iii) Alpha Ltd. sold investment for Rs.50,000/-.

iv) Creditors were paid Rs.1,00,000/-.

v) Profit earned Rs.50,000/- from the business operations.

आइये देखें कि उपरोक्त लेनदेन कार्यशील पूंजी पर प्रभाव डालते हैं या नहीं।

(i) 5,00 [illegible] श नकद जारी करने के कारण, अंश पूंजी 10,00,000 रूपये से 15,00,000 रूपये बढ़ गई तथा बैंक शेष भी 5,00,000 रूपये से बढ़ गया। अशं पूंजी गैर - चालू दायित्व है तथा बैंक चालू सम्पत्ति है। इसीलिए बैंक शेष के बढ़ने से कार्यशील पूंजी भी बढ़ गई। इसीलिए यह कोषों का स्रोत्र है।

(ii) स्थायी सम्पत्ति को नकद खरीदना कोषों का प्रयोग है। रोकड़ कम हो गया तथा स्थायी सम्पत्ति बढ़ गई। चालू सम्पत्ति के घटने से कार्यशील पूंजी बढ़ गई, इस प्रकार यह कोषों का उपयोग है।

(iii) विनियोग की बिक्री के लेनदेन में, विनियोग गैर - चालू सम्पत्ति है तथा रोकड़ एक चालू सम्पत्ति है। चालू सम्पत्ति बढ़ रही है, यह कोषों का स्रोत है।

(iv) लेनदारों को 1,00,000 रुपया नकद भुगतान से दोनों चालू सम्पत्तियाँ (यानि रोकड़) तथा चालू देयताएं (यानि लेनदार) घट जाते हैं। परिणाम स्वरूप, कार्यशील पूंजी में कोई परिवर्तन नहीं है क्योंकि दोनों चालू सम्पत्तियाँ तथा चालू देयताएं उतनी राशि से ही घट गये हैं। इसीलिए इस लेनदेन से कोषों के प्रवाह पर कोई प्रभाव नहीं डालती।

(v) व्यवसाय के संचालन से अर्जित लाभ कोषों का स्रोत है।

अब कोषों के स्रोत तथा उपयोगों की सहायता से निम्न विवरण तैयार किया जा सकता है:

स्रोत Sources	Amount Rs.	उपयोग (Uses)	Amount Rs.
Issue of Share Capital	5,00,000	Purchase of Fixed Assets	3,00,000
Sale of Investment	50,000		
Profits from Operations	50,000		

उपरोक्त विवरण में, वे सब लेनदेन जो कार्यशील पूंजी को घटाते अथवा बढ़ाते है सम्मिलित किये गये है तथा जो कार्यशील पूंजी पर प्रभाव नहीं डालते उन्हें निकाल दिया गया है। ऐसे विवरण को **'कोष प्रवाह विवरण'** का नाम दिया जाता है। इस विवरण को **'वित्तिय स्थिति में परिवर्तनों का विवरण'** भी कहा जाता है; कोषों के विभिन्न स्रोत तथा उपयोगों (प्रयोग) की सूचनी निम्न प्रकार से है:

		Amount Rs-
स्रोत (Sources) :	Funds From Operations	
	Issue of Share Capital	
	Issue of Debentures	
	Long-term Loans	
	Sale of Fixed Assets	
	Non-trading incomes	
	*(Balancing figure)	

उपयोग Uses : Redemption of Debentures
(Applications) Repayment of Long-term Loans
Purchase of Fixed Assets
Payment of Dividend
Payment of Tax
* (Balancing figure)

उपरोक्त सूची की सहायता से, हम निम्न तरीके से कोष प्रवाह विवरण तैयार कर सकते है:

Funds Flow Statement
for the year ended ....

Sources	Amount Rs.	Uses	Amount Rs.
Funds From Operations		Funds Lost in Operations	
Issue of Share Capital		Redemption of Redeemable Preference Share	
Issue of Debentures		Redemption of Debentures	
Long-term Loans		Repayment of Long-term Loans	
Sale of Fixed Assets		Purchase of Fixed Assets	
Non trading Incomes		Payment of Dividend/Tax	
** Decrease in working capital (balancing figure)		* Increase in working capital (balancing figure)	

* जब स्रोत उपयोगों से अधिक होते है, तो अन्तर कार्यशील पूंजी को बढ़ा देगा।

** जब उपयोग स्रोत से अधिक होते है, तो अन्तर कार्यशील पूंजी को घटा देगा।

Intext Questions 34.1

निम्न लेनदेनों से कोष के स्रोत तथा उपयोगों को पहचानिये:

i) Issue of Debentures.

ii) Payment of Tax.

iii) Raising Long-term loans.

iv) Sale of Investment

v) Redemption of Preference Shares

vi) Profits from Operations.

34.4 कोष प्रवाह विवरण तैयार करना

कोष प्रवाह विवरण तैयार करने की विधि निम्न है:

(i) कार्यशील पूंजी में परिवर्तनों की तालिका बनाकर कार्यशील पूंजी में बढ़ोतरी अथवा कमी का पता लगाइये।

(ii) 'व्यवसाय के संचालन से कोष' की गणना कीजिये। यह रिपोर्ट की गई शुद्ध आय को लेकर तथा गैर - कोषीय व्यय एवं आय - विवरण में हस्तान्तरण को वापिस जोड़कर तथा गैर - चालू सम्पत्तियों लेनदेन में प्राप्त हुई आय को घटाने से किया जाता है। यदि ऐसे गैर - चालू सम्पत्तियों के लेनदेन मे कोई हानि होती है, तो उसे रिपोर्ट की गई आय में वापिस जोड़ देना चाहिए। लाभों का समायोजन करने के पश्चात् इसे 'व्यवसाय के संचालन से कोष' का नाम दिया जाता है,

(iii) आय विवरण की सहायता से स्थिति विवरण की गैर - चालू मदों में कोष राशि तथा गैर - कोष राशि को ध्यान रखते हुए परिवर्तनों को ज्ञात कीजिए। इसके लिए साधारणतया 'T' खाते का प्रयोग किया जाता है। कोई लेनदेन जो चालू सम्पत्ति अथवा चालू देयता के एक मद को तथा दूसरी ओर गैर - चालू मद को प्रभाव डालता है, तो वह चालू मद की राशि तक कोष में प्रवाह बताता है। बाकी लेनदेन गैर - कोषीय प्रवाह की ओर संकेत करते है।

(iv) उपरोक्त (ii) तथा (iii) की मदें जो कोषों से सम्बन्धित है उन्हें कार्यशील पूंजी के स्रोत्रों तथा उपयोगों के 'T' रूप में सूचीबद्ध किया जाता है।

(v) कार्यशील पूंजी के स्रोत्रों तथा उपयोगों के अन्तर को उपरोक्ता (i) में गणना की गई कार्यशील पूंजी के परिवर्तनों के साथ मिलान किया जाता है।

आइये निम्न उदाहरण की सहायता से उपरोक्त विधि को समझे:

उदाहरणः 1

31 दिसम्बर, 1991 तथा 1992 के निम्न स्थिति विवरणों से कार्यशील पूंजी में परिवर्तना की तालिका तथा कोष प्रवाह विवरण बनाइयेः

Liabilities	1991 Rs.	1992 Rs.	Assets	1991 Rs.	1992 Rs.
Capital	10,000	10,000	Cash	5,600	5,400
Profit & Loss A/c	5,200	15,400	Debtors	3,400	6,600
Long-term Loan	6,000	8,000	Stock	5,400	9,200
Short-term Loan	2,400	2,400	Long-term		
Creditors	3,600	3,600	Investments	7,000	12,000
Outstanding			Plant	10,600	9,600
Wages	1,400	800	Prepaid Insurance	400	800
Income Tax					
Provision	3,800	3,400			
	32,400	43,600		32,400	43,600

Plant was sold at its book value, i.e., Rs.1,000/-

हल

चरण (i) कार्यशाली पूंजी में परिवर्तनों की तालिकाः

Particulars	Previous Year 1991		Current Year 1992		Change	
	Amount	Total	Amount	Total	increase +	decrease −
Current Assets :						
Cash	5,600		5,400		–	200
Debtors	3,400		6,600		3,200	–
Stock	5,400		9,200		3,800	–
Prepaid Insurance	400		800		400	–
(i) Total Current Assets		14,800		22,000		
Current Liabilities						
Short-term Loan	2,400		2,400		–	–
Creditors	3,600		3,600		–	–
Outstanding Wages	1,400		800		600	–
Income Tax Provision*	3,800		3,400		400	–
(ii) Total Current Liabilities		11,200		10,200		
Working Capital=(i)-(ii)		3,600		11,800		8,200
Increase in W.C.		8,200				
		11,800		11,800	8,400	8,400

नोटः यह सुझाव दिया जाता है कि आयकर के प्रावधान को चालू दायित्वों की मद मानना चाहिये जब तक कि प्रश्न में विशेषतौर पर कोई अन्य बात नहीं कही गई हो।

चरण (ii) व्यवसाय संचालन से आय की गणना

आपने देखा कि 1991 से 1992 तक जो लाभ आर्जित किया वह 10,200 रूपये यानि 15, 200 रूपये घटा 5,200 रुपये, हैं। क्योंकि कोई गैर - कोषीय मद नहीं दी गई है, तो इस प्रश्न में ये लाभ ही व्यवसाय संचालन से आय होगा। तो भी व्यवसाय संचालन से आय का निम्न 'T' रूप में समायोजित लाभ - हानि खाते की सहायता से गणना की जा सकती है

Adjusted Profit & Loss A/c

Particulars	Amount Rs.	Particulars	Amount Rs.
		By Balance b/d (given)	5,200
		By Funds From Operations	
To Balance c/d (given)	15,400	(Balancing figure)	10,200
	15,400		15,400
		By Balance b/d	15,400

चरण (iii) आइये निम्न 'T' रूप में बनाये गये खातों के द्वारा स्थिति विवरण के गैर - चालू मदों में परिवर्तनों को जानें:

(i) Long-term Investment A/c

Particulars	Rs.	Particulars	Rs.
To Balance b/d (given)	7,000		
To Bank (purchase of investment)	5,000	By Balance c/d	12,000
	12,000		12,000
To Balance b/d	12,000		

(ii) Plant A/c

Particulars	Rs.	Particulars	Rs.
To Balance b/d	10,600	By Bank (sale of plant)	1,000
		By Balance c/d	9,600
	10,600		10,600
To Balance b/d	9,600		

(iii) Capital A/c

Particulars	Rs.	Particulars	Rs.
To Balance c/d (given)	10,000	By Balance b/d (given)	10,000
	10,000		10,000
		By Balance b/d	10,000

(iv) Long-term Loan A/c

Particulars	Rs.	Particulars	Rs.
		By Balance b/d	6,000
To Balance c/d	8,000	By Bank (long-term loan raised	2,000
	8,000		8,000
		By Balance b/d	8,000

(i) दीर्घ - कालीन विनियोग 5,000 रूपये से बढ़ गये है जिसका अर्थ है कि विनियोग वर्ष के दौरान खरीदे गये है जो कोष का उपयोग है।

(ii) वर्ष के दौरान 1,000 रूपये के संयत्र बेचे गये। यह कोषों का स्रोत्र है।

(iii) पूंजी जैसी की तैसी है जो वर्ष के दौरान कोषों का प्रवाह नहीं दर्शाती है।

(iv) दीर्घ कालीन ऋण 2,000 रूपये से बढ़ गये है। यह कोषों का स्रोत्र है। इन गैर - चालू खातों में परिवर्तनों को कोषों के स्रोत्र तथा उपयोग के रूप में निम्न 'T' रूप में सूचीबद्ध किया जा सकता है

Funds Flow Statement for the year ended 31st Dec.1992

Sources	Amount Rs.	Uses	Amount Rs.
Funds From Operations	10,200	Purchases of Long term Investment	5,000
Long-term loan	2,000		
Sale of Plant	1,000	*Net Increase in Working Capital (balancing figure)	8,200
	13,200		13,200

स्रोत्र उपयोग से अधिक हैं। इसीलिए शुद्ध अन्तर ने कार्यशील पूंजी को बढ़ा दिया है।

चरण (v) कार्यशील पूंजी के स्रोत्रों तथा कार्यशील पूंजी के उपयोगों में 8,200 रूपये का अन्तर है जो वही है जो उपरोक्त चरण (i) में दिखाया गया है।

उदाहरण 2

मै० PQR लिमिटेड की निम्न स्थिति विवरणों से (i) कोष के स्रोत्र तथा उपयोग का विवरण तथा (ii) कार्यशील पूंजी में परिवर्तनों की तालिका तैयार कीजिए।

31 दिसम्बर, 1995 तथा 1996 की स्थिति विवरण

Liabilities	1995 Rs.	1996 Rs.	Assets	1995 Rs.	1996 Rs.
Equity Share Capital	1,00,000	1,25,000	Goodwill	30,000	25,000
Redeemable Preference Share	50,000	40,000	Land & Buildings	75,000	1,10,000
General Reserve	15,000	17,500	Debtors	45,000	50,000
Profit & Loss A/c	12,500	17,500	Bills Receivables	17,500	2,500
Creditors	30,000	40,000	Stock	37,500	40,000
Bills Payable	10,000	5,000	Cash	12,500	17,500
	2,17,500	2,45,000		2,17,500	2,45,000

Additional Information

(i) Depreciation of Rs.5,000 charged on Land & Buildings.

(ii) Building amounting to Rs.10,000 was sold for Rs.9,400.

हल

चरण (i)

Schedule of Changes the Working Capital

Particulars	1985 Rs.		1986 Rs.		+ Rs.	— Rs.
Current Assets						
Debtors	45,000		50,000		5,000	
Bills Receivable	17,500		2,500			15,000
Stock	37,500		40,000		2,500	
Cash	12,500		17,500		5,000	
(i) Total Current Assets		1,12,500		1,10,000		
Current Liabilities						
Creditors	30,000		40,000			10,000
Bills Payable	10,000		5,000		5,000	
(ii) Total Current Liabilities		40,000		45,000		
Working Capital=(i)-(ii)		72,500		65,000		
Net Decrease in Working Capital				7,500	7,500	
		72,500		72,500	25,000	25,000

चरण (ii)

Calculation of Funds from Operations

		Rs.
	Net Profit for the year	5,000
Add :	Transfer to General Reserve	2,500
	Goodwill written off	5,000
	Depreciation charged on Land & Building	5,000
Add :	Loss on sale of fixed Land & building	600
	Funds from operations	18,100

Funds from Operations can also be calculated with the help of Adjusted Profit & Loss A/c as under:-

Adjusted Profit & Loss A/c

Particulars	Amount Rs.	Particulars	Amount Rs.
To General Reserve	2,500	By Balance b/d (given)	12,500
To Goodwill	5,000	By Funds From Operations (balancing figure)	18,100
To Depreciation on Land & Building	5,000		
To Loss on sale of Building	600		
To Balance c/d (given)	17,500		
	30,600		30,600

चरण (iii)

Let us ascertain changes in non-current accounts of Balance Sheets by preparing these accounts in T-form as under:-

(i) Goodwill A/c

Particulars	Amount Rs.	Particulars	Amount Rs.
To Balance b/d (given)	30,000	By Profit & Loss A/c (balancing figure)	5,000
		By Balance c/d (given)	25,000
	30,000		30,000

(ii) Land and Buildings A/c

To Balance b/d	75,000	By Depreciation	5,000
To Bank-purchases of Land & Buildings (balancing figure)	50,000	By Bank	9,400
		By Profit & Loss A/c-Loss on sale	600
		By Balance c/d	1,10,000
	1,25,000		1,25,000

(iii) Equity Share Capital A/c

Particulars	Rs.	Particulars	Rs.
		By Balance b/d	1,00,000
To Balance c/d	1,25,000	By Bank-issue of shares (balancing figure)	25,000
	1,25,000		1,25,000

Redeemable Preference Share Capital A/c

To Bank-redemption of shares (balancing figure)	10,000	By Balance b/d	50,000
To Balance c/d	40,000		
	50,000		50,000

General Reserve A/c

		By Balance b/d	15,000
To Balance c/d	17,500	By Profit & Loss A/c-transfer (balancing figure)	2,500
	17,500		17,500

चरण (iv)

Let us prepare a statement of sources and uses of Funds with the help of steps (ii) and (iii) :

Statement of sources and uses of Funds for the year ended 31st Dec. 1996

Sources	Amount Rs.	Uses	Amount Rs.
Funds from Operations	**18,100**	**Redemption of Prefer -ence Share**	**10,000**
Issue of Equity Shares	**25,000**		
Sale of Building	**9,400**	**Purchases of Land and Buildings**	**50,000**
***Net Decrease in Working Capital (balancing figure)**	**7,500**		
	60,000		60,000

* Uses are more than sources.

चरण (v)

कार्यशील पूंजी के श्रोत्रों तथा उपयोगों में अन्तर 7,500 रुपये है जो बढ़ी है जो कार्यशील पूंजी के परिवर्तनों में दर्शाया गया है।

उदाहरण 3

From the figures given below prepare-

(i) a Schedule of changes in working capital,

(ii) a Statement of sources and uses of funds for the year 1990.

Balance Sheets as on -

Liabilities	1989 Rs.	1990 Rs.	Assets	1989 Rs.	1990 Rs.
Share Capital :-			Net Fixed Assets	5,10,000	6,20,000
Equity	3,00,000	3,50,000	Investment	30,000	80,000
8% Preference	2,00,000	1,00 000	Current Assets	2,40,000	3,75,000
7% Debentures	1,00,000	2,00,000	Discount on Debentures	10,000	5,000
Reserves & Surplus	1,10,000	2,70,000			
Current Liabilities	80,000	1,60,000			
	7,90,000	10,80,000		7,90,000	10,80,000

Additional information :-

(i) A machine, i.e., fixed asset having book value Rs 40,000 was sold for Rs.25,000.

(ii) Preference share redemption was done at a premium of 15% on 31st March, 1990.

(iii) Dividend on Equity shares @ 15% was paid for the year 1989.

Depreciation on Fixed Assets was charged during the year Rs.60,000.

हल

चरण (i)

Schedule of Changes in Working Capital

Particulars	1989 Rs.		1990 Rs.		Increase or + Rs.	Decrease or Rs.
i) Current Assets		2,40,000		3,75,000	1,35,000	
ii) Current Liabilities		80,000		1,60,000		80,000
Working Capital= (i minus (ii)		1,60,000		2,15,000		
ncrease in Working Capital		55,000				55,000
		2,15,000		2,15,000	1,35,000	1,35,000

चरण (ii)

इस प्रश्न में, आपने नोट किया कि विवरण में लाभ-हानि खाता नहीं दिया गया है। इस स्थिति मे, हम लाभ-हानि खाते का शेष शून्यमान लेते हैं।

Calculation of Funds From Operations	
	Rs.
Profit (assuming zero)	
Add : Transfer to Reserves & Surplus	1,60,000
Dividends - *On Preference shares	16,000
On Equity Shares	45.000
Premium on Redemption of 15% Preference Shares	15.000
Depreciation charged	60,000
Discount on Debentures written off	5.000
Add Loss on sale of machine	15,000
Funds from Operations	3 1[illegible]

It is obligatory to give dividend first of all to Preference Shareholders before giving it to Equity Shareholders whether it is stated in the question or not.

Funds From Operations can also be calculated with the help of Adjusted Profit & Loss A/c (assuming its balance as zero) as under-

Adjusted Profit & Loss A/c

Particulars	Rs.	Particulars	Rs.
To transfer to Reserves		By Balance b/d	0
& Surplus	1,60,000	By Funds From Operations	3,16,000
To Dividends :			
Preference Shares	16,000		
Equity Shares	45,000		
To Premium on Pref. share	15,000		
To Depreciation	60,000		
To Discount on Debs A/c	5,000		
To Loss on sale of machine	15,000		
	3,16,000		3,16,000

चरण (iii)

Let us ascertain the changes in non-current accounts of Balance Sheets by preparing these accounts in 'T' form as under:-

Fixed Assets A/c

Particulars	Rs.	Particulars	Rs.
To Balance b/d	5,10,000	By Bank A/c	25,000
To Bank-purchase	2,10,000	By Profit and Loss A/c	15,000
(balancing figure)		By Depreciation	60,000
		By Balance c/d	6,20,000
	7,20,000		7,20,000

Investments A/c

Particulars	Rs.	Particulars	Rs.
To Balance b/d	30,000		
To Bank-purchases (balancing figure)	50 000	By Balance c/d	80,000
	80,000		80,000

Discount on Debentures A/c

To Balance b/d	10,000	By Profit & Loss A/c (balancing figure)	5,000
		By Balance c/d	5,000
	10,000		10,000

Equity Share Capital A/c

To Balance c/d	3,50,000	By Balance b/d	3,00,000
		By Bank-issue of shares (balancing figure)	50,000
	3,50,000		3,50,000

8% Preference Share Capital A/c

To Bank-redemption of shares (balancing figure)	1,00,000	By Balance b/d	2,00,000
To Balance c/d	1,00,000		
	2,00.000		2,00,000

Premium on Redemption of Preference Shares A/c

To Bank A/c	15,000	By Profit & Loss A/c	15,000
	15,000		15,000

7% Debenture A/c

Particulars	Rs.	Particulars	Rs.
		By Balance b/d	1,00,000
To Balance c/d	2,00,000	By Bank-issue of debentures (balancing figure)	1,00,000
	2,00,000		2,00,000

Dividends A/c

To Bank-		By Profit & Loss A/c-	
Preference share Dividend	16,000	Preference share Div.	16,000
Equity share Dividend	45,000	Equity share Div.	45.000
	61,000		61,000

चरण (iv)

Statement of Sources and Uses of Funds for the year ended 1990

Sources	Amount Rs.	Uses	Amount Rs.
Funds From Operations	3,16,000	Purchase of Fixed Assets	2,10,000
Issue of Equity Shares	50,000	Purchase of Investments	50,000
Issue of 7% Debentures	1,00,000	Payment of Preference Dividend	16,000
Sale of Machine	25,000	Payment of Equity Dividend	45,000
		Redemption of Preference Shares at a premium	1,15,000
		*Net Increase in Working Capital	55,000
	4,91.000		4,91,000

* Sources are more than uses. Therefore. working capital has increased to the extent of Rs.55.000.

कोष प्रवाह विवरण की सीमाएँ

कोष प्रवाह विवरण की निम्न सीमाएँ हैं:

(i) इसमें गैर - कोषीय लेनदेन नहीं सम्मिलित होते हैं)

(ii) इसमें आय विवरण के वित्तीय आकड़ों के अलावा कोई नई मद नहीं जुड़ती है तथा स्थिति विवरण को साधारण रूप में नये क्रम में रखा जाता है।

(iii) यह प्रकृति में एतिहासिक है क्योंकि यह अन्तिम खातों में पहले बताई गई कार्यशील पूंजी के स्रोत्रों तथा उपयोगों की सारणी बनाता है। परन्तु यह भविष्य के लिए स्रोत्रों तथा उपयोगों का अनुमान नहीं लगाता हैं।

(iv) यह चालू सम्पत्तियों तथा अल्पकालीन वित्त में विनियोग सम्बन्धी प्रबन्ध की नीति में परिवर्तनों को नहीं बताता है।

पाठगत प्रश्न 34.2

क) कोष्ठकों में दिये गये उपयुक्त शब्द/ शब्दों से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए:

(i) वित्तीय स्थिति में परिवर्तनों के विवरण बनाने के लिए................... स्थिति -विवरणों से अंकों की आवश्यकता होती है। (एक/दो)

(ii) कोष प्रवाह विवरण बनाने के लिए ....खातों का विशलेषण किया जाता है। (चालू / गैर चालू)

(iii) विनियोग की बिक्री कोषों का....................है। (स्रोत्र/उपयोग)

(iv) वितांश का भुगतान कोषों का.................है। (स्रोत्र/ उपयोग)

(v) अशों का जारी करना कोषों का ....है। (स्रोत्र / उपयोग)

ख) दोनों ओरों का मिलान कीजिए:

I	II
(i) गैर - चालू दायित्वों में बढ़ोतरी	(i) कार्यशील पूंजी में परिवर्तनों की तालिका
(ii) पूर्वाधिकार अंशो का शोधन	(ii) S C F P
(iii) कोष प्रवाह विवरण	(iii) कोष का स्रोत्र
(iv) विविध लेनदारों में वृद्धि	(iv) कोष का उपयोग

34.5 आपने क्या सीखा है

- जब कोई लेनदेन कार्यशील पूंजी मे वृद्धि करता है तो इसे कोष का स्रोत्र कहते हैं।
- जब कोई लेनदेन कार्यशील पूंजी में कमी लाता है तो इसे कोष का उपयोग कहते हैं।
- कार्यशील पूंजी के स्रोत्रों : उपयोगों के विवरण को कोष प्रवाह विवरण अथवा वित्तीय स्थिति में परिवर्त का विवरण जाना जाता है,
- कोष प्रवाह विवरण अथवा S C F P बनाने के चरण हैं:

  (i) चालू सम्पत्तियां तथा चालू देयनाओं की सहायता से कार्यशील पूंजी में परिवर्तनों की तालिका तै :र करना

  (ii) व्यवसाय संचालन से आय की गणना करना

  (iii) कोष प्रवाह विवरण बनाना, तथा

  (iv) चरण (iii) तथा चरण (i) के परिणामों का मिलान करना।

34.6 पाठान्त प्रश्न

(1) निम्न के अर्थ एक शब्द, एक अर्ध वाक्य तथा एक वाक्य में दीजिए:

क. कोष का क्या अर्थ है ?

ख. 'प्रवाह' का अर्थ बताइये।

ग. कोष प्रवाह विवरण का दूसरा नाम दीजिए।

2. कोष प्रवाह विवरण बनाने के चरणों की गणना कीजिए।

3. कोषों के किन्ही चार स्रोत्रों, तथा किन्ही चार उपयोगों की सूची बनाइये,

4 कोष प्रवाह विवरण का अर्थ लगभग 40-50 शब्दों में बताइये,

5 कोष प्रवाह विवरण की कोई तीन सीमाएं बताइये।

6 निम्न स्थिति - विवरणों से, कार्यशील पूंजी में परिवर्तनों की तालिका तथा कोष प्रवाह विवरण बनाइये:

Balance Sheets as on

Liabilities	31.12.95 Rs.	31.12.96 Rs.	Assets	31.12.95 Rs.	31.12.96 Rs.
Capital	4,80,000	5,10,000	Cash at Bank	24,000	54,000
Profit & Loss a/c	8,50,000	10,50,000	Debtors	9,90,000	11,90,000
Creditors	54,000	30,000	Stock	54,000	42,000
Mortgage Loans	28,000	1,00,000	Land	2,00,000	2,00,000
			Plant	1,44,000	2,04,000
	14,12,000	16,90,000		14,12,000	16,90,000

(7) सूर्या कम्पनी लिमिटेड की 31 दिसम्बर, 1990 तथा 31 दिसम्बर, 1991के स्थिति-विवरणो से

i) कार्यशील पूंजी में परिवर्तनों की तालिका,

ii) कोष प्रवाह विवरण बनाइये:

Liabilities	31.12.1990 Rs.	31.12.1991 Rs.
Equity Share Capital	1,50,000	2,00,000
Share Premium	–	5,000
General Reserve	50,000	60,000
Profit & Loss A/c	20,000	35,000
Debentures	1,00,000	75,000
Bills Payable	25,000	20,000
Trade Creditors	35,000	40,000
Outstanding Expenses	2,000	1,000
	3,82,000	4,36,000

Assets				
Goodwill		10,000		8,000
Furniture (at cost)	50,000		60,000	
Less Depreciation	28,000	22,000	34,000	26,000
Long term Investments		40,000		52,000
Stock		2,54,000		2,89,000
Debtors		31,000		28,000
Cash at Bank		22,000		31,000
Discount on Debentures		3,000		2,000
		3,82,000		4,36,000

(8) निम्न आंकड़ो से (i) कार्यशील पूंजी में परिवर्तनों तथा वित्तीय स्थिति में परिवर्तनों का विवरण बनाइये:

Balance Sheets as on

Liabilities	1995 Rs.	1996 Rs.	Assets	1995 Rs.	1996 Rs.
Share Capital	3,00,000	3,50,000	Fixed Assets (net)	5,00,000	6,00,000
Debentures	4,00,000	3,00,000	Investments	30,000	80,000
Profit & Loss A/c	2,00,000	3,00,000	Current Assets	4,40,000	4,25,000
Current Liabilities	80,000	1,60,000	Discount on Debentures	.0, 00	5,000
	9,80,000	11,10,000		9,8[illegible], 00	11,10,000

Additional Information :

(i) A machine with a book value of Rs.40,000 was sold for Rs. 25,000

(ii) Depreciation charged during the year on Fixed Assets Rs.60,000.

34.7 पाठगत प्रश्नों के उत्तर

34.1 स्रोत (i), (iii), (iv), (vi)

उपयोग (ii), (v)

34.2

क. (i) दो (ii) गैर - चालू (iii) स्रोत (v) उपयोग (v) प्रयोग

ख. (i) iii (ii) iv (iii) ii (iv) i

34.8 पाठान्त प्रश्नों के संकेत

6.	कार्यशील पूंजी में शुद्ध वृद्धि	2,42,000 रूपये
	व्यवसाय संचालन से आय	2,00,000 रूपये
	कोष के स्रोत	3,02,000 रूपये
	कोष के उपयोग	60,000 रूपये
7.	कार्यशील पूंजी में शुद्ध वृद्धि	42,000 रूपये
	व्यवसाय संचालन से आय	34,000 रूपये
	कोष के स्रोत	89,000 रूपये
	कोष के उपयोग	47,000 रूपये
8,	कार्यशील पूंजी में शुद्ध कमी	95 000 रूपये
	व्यवसाय संचालन से आय	1,80,000 रूपये
	कोष के सोत्र	3,50,000 रूपये
	कोष के उपयोग	2,55,000 रूपये